# यूपीईएस में नेशनल प्लाज्मा सम्मेलन में जुटे एक्सपर्ट्स



**38वें नेशनल प्लाज्मा साइंस व टेक्नोलॉजी 2023 में रखे एक्सपर्ट्स ने विचार**

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (15 Dec):** यूपीईएस यूनिवर्सिटी ने प्लाज्मा साइंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर 38वें नेशनल प्लाज्मा साइंस एवं टेक्नोलाजी 2023 विषय पर सेमीनार का आयोजन किया. सेमिनार में देशभर के तीन सौ से ज्यादा शोधार्थी, अकादमिक क्षेत्र के विज्ञानी और विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया. उन्होंने प्लाज्मा की उपयोगिता, मेडिकल क्षेत्र में नई तकनीकी से प्लाज्मा बैंक और आमजन को इससे मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी.

## डॉ. अमरीन को इनाम

इंस्टीट्यूट आफ प्लाज्मा रिसर्च के निदेशक शशांक चतुर्वेदी ने अपने विचार रखे. प्लाज्मा साइंस और टेक्नोलाजी क्षेत्र के शोधार्थियों के महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया. जेएनयू दिल्ली के पल्लव बोरो और राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी इंदौर के तीर्थ मंडल को उनके बेहतरीन योगदान के लिए बुटी यंग साइंटिस्ट अवार्ड के साथ दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इसके अलावा साइंटिफिक आफिसर-डी श्रेणी में इंस्टीट्यूट फॉर प्लाज्मा रिसर्च गांधीनगर के डॉ. अमरीन आरा हुसैन को पचास हजार रुपये के नकद पुरस्कार और प्रतिष्ठित परवेज गुजदार अवार्ड से सम्मानित किया गया.